आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 09.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- नए संसद भवन में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान जारी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने डाला वोट।
- प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने तैयारियों की समीक्षा की।
- राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट को लेकर राज्य महिला आयोग ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा। रिपोर्ट में देहरादून को महिलाओं के लिए असुरक्षित बताया गया था।
- भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से रुद्रप्रयाग में 31 दिवसीय निःशुल्क महिला वस्त्र टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न।

उपराष्ट्रपति चुनाव

नए संसद भवन में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया जारी है। मतदान शाम 5 बजे तक चलेगा और मतगणना शाम छह बजे के बाद शुरू होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले वोट डालने वाले सदस्यों में शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रह्लाद जोशी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, जनता दल–सेक्युलर– सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, कांग्रेस सांसद गौरव गगोई ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा, कई अन्य सांसद भी मतदान कर रहे हैं। एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों वाले निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। वर्तमान में लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 239 सदस्य हैं, जिससे कुल निर्वाचक मंडल की संख्या 781 हो जाती है। बहुमत का आंकड़ा 391 है।

स्वास्थ्य पखवाड़ा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में मेडिकल कॉलेजों, जिला और उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप केंद्रों में 4 हजार 604 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में जांच, परामर्श और दवाओं की सुविधा मिलेगी।

शिविरों में गर्भवती महिलाओं, टीबी मरीजों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों को विशेष परामर्श मिलेगा। लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। स्वास्थ्य सचिव ने अधिकारियों को पखवाड़े की व्यापक प्रचार–प्रसार करने और सांसदों, विधायकों सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि यह अभियान आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## सरकार जनता के द्वार

रुद्रप्रयाग जिले में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारी विभिन्न ग्राम पंचायतों का स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करने के साथ ही सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे। तीन सदस्यीय अधिकारियों की टीम के लिए जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में सितंबर माह के लिए रोस्टर जारी किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 45 अधिकारियों की 15 टीमों को विकासखंडवार ग्राम पंचायतों का आवंटन किया गया है। उन्होंने सभी नामित अधिकारियों से ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आख्या उपलब्ध कराने को कहा है।

## स्पष्टीकरण

हाल ही में जारी राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट और सूचकांक–2025 में देहरादून को महिलाओं के लिए असुरक्षित बताया गया था। अब इस रिपोर्ट को लेकर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने पी–वैल्यू एनालिटिक्स कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है। कंपनी के प्रतिनिधि मयंक ढैया कल आयोग के सामने उपस्थित हुए, लेकिन रिपोर्ट और सर्वे से जुड़े सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने इसे एकेडमिक रिपोर्ट बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य किसी शहर की छवि खराब करना नहीं था। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने जानकारी दी कि प्रतिनिधि के पास पर्याप्त जानकारी न होने के कारण अब सुनवाई 15 सितंबर को होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अगली सुनवाई में कंपनी के प्रबंध निदेशक और रिसर्च टीम को उपस्थित होना होगा। इसके साथ ही एक सप्ताह के भीतर सर्वे और शोध से जुड़े सभी दस्तावेज और मीटिंग की मिनट्स रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट और इंडेक्स में कई खामियां पाई गई हैं। सर्वे में शामिल महिलाओं की पहचान, पूछे गए सवाल और उनकी श्रेणी को स्पष्ट नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कंपनी संतोषजनक स्पष्टीकरण पेश नहीं करती तो कार्रवाई की जाएगी।

टेलर प्रशिक्षण

भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से रुद्रप्रयाग में 31 दिवसीय निःशुल्क महिला वस्त्र टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। इस दौरान प्रशिक्षण लेने वाली जिले के तीनों विकासखण्डों की 32 युवतियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वरोजगार ही आजीविका का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली युवतियों का आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं औरसंस्थागत ऋण सुविधाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार अपनाएं और उद्यमिता को आगे बढ़ाएं। संस्थान के निदेशक किशन सिंह रावत ने कहा कि आरसेटी का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में दक्ष बनाकर उनके आर्थिक और सामाजिक विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।

टिहरी आपदा

अगस्त माह में उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में आई आपदा में जानमाल का भारी नुकसान हुआ। इस मुश्किल घड़ी में सरकार के साथ ही  सामाजिक संस्थाएं, आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आई हैं। इसी कड़ी में नई टिहरी के एक निजी स्कूल के छात्र–छात्राओं ने खाद्यान्न सामग्री के पैकेट इकट्ठा कर धराली के आपदा प्रभावितों की मदद को भेजे हैं। छात्रा श्रीयशी ने कहा उनके स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र–छात्राओं और अभिभावकों द्वारा दी गई खाद्यान्न सामग्री को स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों के लिए भेजी है।

वहीं, एक सामाजिक संस्था ने भी धराली आपदा पीड़ितों के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से दो लाख का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में सौंपा। जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल ने बताया कि चम्बा–कोटि कॉलोनी मार्ग पर मद्रासी कालोनी में रह रहे लोगों के घरों में मलबा आने पर उनको तत्काल सहायता राशि वितरित की गई है और शीघ्र मलबा हटाने के निर्देश दिए गए हैं।